## संपादकीय

# कहीं खत्म न हो जाए गरीबों का रिजर्वेशन

आजकल सर्वोच्च न्यायालय में मलाईदार परत (क्रीमी लेयर) को लेकर जोरदार बहस चल रही है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्रीमी लेयर का पैमाना सबके लिए एक-जैसा क्यों हो? उसने पूछा है कि 8 लाख रुपये की सालाना आमदनी की सीमा सब पर एक-जैसी क्यों थोपी गई है? ऊंची जातियों के गरीब लोगों को जो 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, उसका आधार क्या है? गरीब पिछड़ों और गरीब अगड़ों को एक ही तुला पर क्यों तोला जा रहा है? सरकार ने संकेत दिए हैं कि वह 8 लाख रुपये की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख करना चाहती है। यानी जिन परिवारों की आमदनी 1 लाख रुपये प्रतिमाह से कम है, उनके सदस्यों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण दिया जाए। यदि यह छूट दोनों वर्गों को समान रूप से दी जाएगी तो क्या अन्य पिछड़े वर्ग के साथ अन्याय नहीं होगा?

कमजोर आधार- अदालत का कहना है कि जो लोग सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं, क्या सरकार ने विस्तृत जांच करके मालूम किया है कि वे लोग ऊंची जातियों या सवर्णों की तरह ही वंचित हैं? क्या उनकी वंचना या गरीबी ऊंची जाति के लोगों की गरीबी और वंचना-जैसी ही है? सचाई तो यह है कि सरकार ने इस तरह का कोई भी व्यवस्थित अध्ययन अभी तक नहीं करवाया है। ऐसे में यही आशंका है कि कहीं सरकार ऊंची जातियों के इस 10 प्रतिशत आरक्षण को खत्म ही न कर दे।

यह आरक्षण 2019 में मोदी सरकार ने संविधान में 103 वां संशोधन करके स्वीकृत करवाया था। जब यह प्रावधान पहले कांग्रेस सरकार करवाना चाहती थी, तब सर्वोच्च न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया और कहा कि संविधान आर्थिक पिछड़ेपन को मान्यता नहीं देता है। अब डर यह है कि सरकार कहीं इस प्रावधान को ही ताक पर न रख डाले। बीजेपी सरकार, जो जातीय वोटों पर कभी आधारित नहीं रही, उसने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते समय कुछ हफ्ते पहले अपने नए मंत्रियों की जातीय पहचान पर भी जोर दिया था। सरकार को ज्यादा सुविधा इसी हल में महसूस होगी कि वह 10 प्रतिशत का यह विशेष कोटा खत्म कर दे, क्योंकि आरक्षण के आर्थिक आधार को सिद्ध करना बड़ा पेचीदा मामला है। जो आर्थिक आधार एक राज्य में जीवन-यापन के लिए पर्याप्त है, वही दूसरे राज्य में अपर्याप्त हो सकता है। एक ही राज्य के दो जिलों में भी प्रति व्यक्ति आमदनी और खर्च में काफी अंतर हो सकता है। गांव और शहर तथा नगर और महानगर में भी काफी अंतर होता है। इसीलिए अकेले आर्थिक आधार पर आरक्षण की सीमा कैसे बांधी जा सकती है और यदि बांधी ही गई तो उसके दर्जनों संस्करण सरकार और लोगों को तंग करके रख देंगे।

अभी वास्तव में आर्थिक आधार पर आरक्षण मांगने वालों की संख्या 10 प्रतिशत से कम ही रही है। यह आरक्षण दो साल पहले शुरू हुआ था। अभी भी ऊंची जातियों के गरीब लोगों को आरक्षण की यह कला पूरी तरह आकर्षित नहीं कर सकी है लेकिन ज्यों-ज्यों समय गुजरेगा, यह मांग 10 प्रतिशत से भी ज्यादा बढ़ सकती है। अगड़ी जातियों के ये गरीब लोग शिक्षित और जागरूक ज्यादा होते हैं। वे अपने विशेषाधिकारों के लिए नया राजनीतिक अभियान भी छेड़ सकते हैं। इस समय देश में अनुसूचितों और पिछड़ों की संख्या देश के अगड़ों से कई गुना ज्यादा है। जो सरकार लोकप्रिय बने रहना चाहती है और वोट-प्राप्ति ही जिसकी प्राणवायु है, वह देश की बहुसंख्या को खुश रखने के लिए जो कुछ कर सकती है, जरूर करेगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अगड़ों को जब पिछड़ों के बाद 10 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया तो उनके पैरों में काफी चुभीली जंजीरें बांध दी गई थीं। अगड़ों की आठ लाख रुपये की वार्षिक आय में उनका वेतन जोड़ा जाता रहा है जबकि पिछड़ों को जो वेतन मिलता है, वह नहीं जोड़ा जाता है। यदि वे किसान हैं तो उनकी खेती की आय भी नहीं जोड़ी जाती है। पिछड़ी जातियों में मालदार किसानों की भी कमी नहीं है।

*- वेदप्रताप वैदिक*

# 62 रनों पर आउट होने के बाद करने के लिए कुछ नहीं बचा : लेथम



**मुंबई।** जब आप 62 और 167 रनों के कुल स्कोर पर आउट हो जाते हो तो फोकस बल्लेबाज़ों पर होना स्वाभाविक है, जो विरोधी टीम की गेंदबाज़ी और परिस्थितियों के आगे बिखर जाते हैं। यहां पर गेंदबाज़ी की बात ही नहीं है क्योंकि जब आप विरोधी टीम के बल्लेबाज़ों उसी पिच पर 325 और 276 पर 7 जैसा स्कोर बना देते हों। जब आप मेहमान टीम के तौर पर भारत जैसे गेंदबाज़ी आक्रमण और इन परिस्थितियों में खेलते हो तो बल्लेबाज़ों के लिए करने के लिए कुछ नहीं रह जाता है जब आप मेज़बान टीम के बल्लेबाज़ों को बड़ा स्कोर बनाने देते हो।

न्यूज़ीलैंड के कार्यवाहक कप्तान टॉम लेथम को हालांकि अपने बल्लेबाजों और विशेष रूप से रॉस टेलर के बारे में बात करते हुए पाया गया। दूसरी पारी में टेलर का दृष्टिकोण, जहां उन्होंने स्पिनरों पर हमला करने की कोशिश की और ऐसा करने में विफल रहे। उनकी इस कोशिश को विल समरविल की वापसी की तुलना में ज़्यादा आलोचना मिली, जो भारत में एक सीरीज़ में बिना कोई विकेट लिए 50 ओवर फेंकने वाले एकमात्र स्पिनर हैं।

लेथम ने कहा, रॉस के पास स्पष्ट रूप से वह दृष्टिकोण था जहां वे दूसरी टीम के गेंदबाज़ों को दबाव में लाना चाहते थे। जैसे ही आप ऐसा करते हैं, उपमहाद्वीप की टीमें बहुत जल्दी खिलाड़ियों को आउट कर देती हैं। दुर्भाग्य से रॉस के लिए, यह उनके लिए काफ़ी कारगर नहीं था। रॉस की उस पारी में यही योजना थी।

लेथम ने कहा,इन परिस्थितियों में आप उन्हें केवल गेंदबाज़ी करने की अनुमति नहीं दे सकते। वे बहुत अच्छे हैं, वे बहुत सटीक हैं और वे आपको हिट करने के लिए बहुत मौक़े नहीं देते हैं हम ऐसा उन पर थोड़ा और दबाव डालने की कोशिश करने के लिए करना चाहते थे, जिससे की बल्लेबाज़ के आसपास खड़े क्षेत्ररक्षकों को दूर किया जा सके, क्योंकि आप जानते हैं अक्सर ऐसा नहीं किया जाता है।हमारे लिए यह एक निश्चित योजना रखने और उस पर टिके रहना था। अगर आपके पास एक योजना है और आप आउट हो जाते हैं, तो यह सिर्फ़ क्रिकेट का खेल है। यह खिलाड़ियों पर निर्भर है कि वे अपनी पारी को कैसे देखते हैं।

लेथम ने कहा कि 62 रन पर आउट होने पर वे अलग तरीक़े से कुछ नहीं कर सकते थे। लेथम ने कहा, क्रिकेट में यह उन चीज़ों में से एक है जहां आप जो कुछ भी करते हैं वह काम नहीं करता है। ऐसा किसी ना किसी दिन क्रिकेट में होता है। हमने दुनिया भर में अलग-अलग समय पर टीमों के साथ ऐसा किया है। दुर्भाग्य से यह हमारा समय था और चीज़ें उस तरह से सामने नहीं आईं जैसा हम चाहते थे।

उन्होंने कहा,हमारे दृष्टिकोण से, आपको इससे बहुत कुछ सीखना होगा। जिस तरह से हमने दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी की, कुछ खिलाड़ियों ने अपना गेम प्लान को थोड़ा बदला और उनके गेंदबाज़ों पर दबाव डाला, क्योंकि हम जानते हैं भारत में आप जितनी लंबी बल्लेबाज़ी करेंगे, बल्लेबाज़ी करना उतना ही मुश्किल हो जाएगा। यह उन मैचों में से एक है जहां दुर्भाग्य से हमें सही परिणाम नहीं मिला।

## रेटगेन ट्रैवल ने एंकर निवेशकों से 599 करोड़ रुपये जुटाए, आज खुलेगा आईपीओ




**नई दिल्ली ।** रेटगेन ट्रैवल टेक्नोलॉजीज ने आज यानी मंगलवार को खुलने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले सोमवार को एंकर निवेशकों से 599 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर डाली गई सूचना के अनुसार, कंपनी ने 34 एंकर निवेशकों को 425 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 1,40,90,136 इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है। इस तरह यह राशि 598.83 करोड़ रुपये बैठती है। एंकर निवेशकों में सिंगापुर सरकार, सिंगापुर का मौद्रिक प्राधिकरण, नोमुरा, गोल्डमैन सैक्श फंड्स, आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, सुंदरम एमएफ, एक्सिस एमएफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और बीएनपी पारिबा आर्बिट्रेज शामिल हैं।

## विराट कोहली ने किया उपकप्तान रहाणे का समर्थन



**मुंबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने आउट ऑफ फॉर्म चल रहे उपकप्तान अजिंक्या रहाणे के समर्थन में आगे आते हुए कहा है कि बाहरी दबाव के आधार पर रहाणे के भविष्य पर कोई भी फ़ैसला जल्दबाज़ी में नहीं लिया जाएगा।

भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए न्यूज़ीलैंड को दूसरे टेस्ट में सोमवार को चौथे दिन के पहले सत्र में 372 रन के बड़े अंतर से हराया और दो मैचों की सीरीज 1-0 से जीत ली। भारत की घर पर यह लगातार 14वीं टेस्ट सीरीज़ है । हालांकि इन सबके बीच टीम के दो अनुभवी बल्लेबाज़ चेतेश्वर पुजारा और रहाणे का ख़राब फ़ॉर्म चिंता का विषय बन गया है, ख़ासकर तब जब नए खिलाड़ी टीम में आकर बड़ी पारियां खेल रहे हैं। ऐसे में उन युवा खिलाड़ियों को टीम से बाहर करना और भी मुश्किल हो जाता है।

पिछले 16 टेस्ट मैचों में रहाणे की औसत गिरकर 24.39 पर जा पहुंचा है। इस दौरान उन्होंने मेलबर्न में एक दमदार शतक ज़रूर लगाया था लेकिन उस बात को भी अब एक साल हो गया है। कानपुर टेस्ट मैच में क्रमशः 35 और चार रनों की पारियां खेलने के बाद अब उनके करियर की औसत भी 40 से कम हो गई है।

कानपुर में कोहली की ग़ैरमौजूदगी में एकादश में शामिल किए गए श्रेयस अय्यर ने अपने पहले ही टेस्ट मैच में एक शतक और एक अर्धशतक बनाया। चर्चा हो रही थी कि शायद मुंबई में जब कोहली वापसी करेंगे तो मयंक अग्रवाल को बाहर बैठना पड़ेगा लेकिन रहाणे की हैमस्ट्रिंग चोट ने काम आसान कर दिया। अग्रवाल ने इस मौक़े को बुनाया और एक मुश्किल पिच पर पहले 150 और फिर 62 रन बनाए। कोच राहुल द्रविड़ ने इसे एक सुखद सिरदर्द बताया। उन्होंने यह भी कहा कि कोच के तौर पर उनके सामने एक चुनौती सर्वश्रेष्ठ एकादश चुनने की भी है, ख़ासकर विदेशी टेस्ट मैचों में, जहां कुछ कठिन फ़ैसले लेने पड़ सकते हैं।

## जमैका के घरेलू मैदान पर विदाई मैच खेलेंगे क्रिस गेल

**जमैका।** अगले साल 8 जनवरी से 16 जनवरी के बीच वेस्टइंडीज़, आयरलैंड की मेज़बानी करेगा। इस सीरीज़ में तीन वनडे और एक टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। माना जा रहा है कि यह क्रिस गेल का विदाई मैच होगा क्योंकि टी20 विश्व कप के समय गेल ने अपने घरेलू मैदान जमैका से ही क्रिकेट से विदाई लेने की इच्छा ज़ाहिर की थी।

हालांकि इस दौरान गेल वनडे सीरीज़ का हिस्सा नहीं होंगे। यह सीरीज़ विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा होगी, जिसके अंकों के आधार पर 2023 वनडे विश्व कप की टीमें तय की जाएगी। क्रिकेट वेस्टइंडीज़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा, हम लोगों को भी लगा कि उन्हें अपने घर से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहना चाहिए।

आयरलैंड के ख़िलाफ़ सीरीज़ से हमें यह मौक़ा मिलेगा। क्रिस गेल जैसे महान कद के खिलाड़ी के लिए ऐसा करना बहुत ज़रूरी और उचित है कि वे अपने घरेलू समर्थकों के सामने उन्हें धन्यवाद देते हुए क्रिकेट से संन्यास लें। इससे पहले आयरलैंड ने 2020 में वेस्टइंडीज़ का दौरा किया था। तब टी20 सीरीज़ 1-1 से ड्रॉ हुई थी, जबकि वनडे सीरीज़ में वेस्टइंडीज़ 3-0 से जीता था। जमैका के ही सबाइना पार्क ग्राउंड में आयरलैंड ने 2007 विश्व कप में पाकिस्तान के ख़िलाफ़ ऐतिहासिक जीत हासिल की थी।

## शादी के बाद 15 दिसंबर को मैरी क्रिसमस की शूटिंग शुरू करेंगी कैटरीना



अपनी क्यूट-सी मुस्कान से कैटरीना कैफ ने ना जाने कितने प्रशंसकों को दीवाना बनाया होगा। ये अलग बात है कि वह विक्की कौशल के प्यार में गिरफ्त हो गई। बॉलीवुड के गलियारों में उनकी शादी की खबरें छाई हुई हैं। कैटरीना 9 दिसंबर को विक्की से राजस्थान में शादी करेंगी। ऐसी चर्चा है कि शादी के बाद कैटरीना 15 दिसंबर को निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म मैरी क्रिसमस की शूटिंग शुरू करेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, कैटरीना अपनी शादी के बाद 15 दिसंबर को मैरी क्रिसमस की शूटिंग शुरू करेंगी। एक सूत्र ने कहा, फिल्म मैरी क्रिसमस की शूटिंग 15 दिसंबर से मुंबई में शुरू होने वाली है। कैटरीना ने निर्माताओं को अपनी डेट्स भी दे दी हैं। सूत्र ने बताया कि कैटरीना काफी प्रोफेशनल हैं और इस फिल्म को प्राथमिकता दे रही हैं। इस फिल्म में कैटरीना के साथ दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार विजय सेतुपति भी नजर आएंगे।

मैरी क्रिसमस एक शॉर्ट फिल्म से प्रेरित होगी, जिसकी कहानी पुणे शहर के इर्दगिर्द बुनी गई है। राघवन इससे पहले आयुष्मान खुराना अभिनीत अंधाधुन जैसी सफल फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं। मैरी क्रिसमस में पहली बार कैटरीना और साउथ के सुपरस्टार विजय की जोड़ी को स्क्रीन शेयर करते हुए देखा जाएगा। खबरों की मानें तो यह फिल्म बिना इंटरवल के 90 मिनट की होगी। फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी ने किया है।

कैटरीना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म फोन भूत को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर लीड रोल में दिखेंगे। वह सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में भी दिखेंगी। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी। वह फरहान अख्तर की रोड ट्रिप पर आधारित फिल्म जी ले जरा में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। यह एक महिला केंद्रित फिल्म है।

## सलमान खान की फिल्म अंतिम ने दुनियाभर में कमाए 50 करोड़ रुपये



सलमान खान फिल्म अंतिमः द फाइनल ट्रुथ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म ने कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी, लेकिन अब इसने रफ्तार पकड़ ली है। फिल्म में सलमान के बहनोई आयुष शर्मा भी नजर आए हैं। फिल्म 26 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब रिपोर्ट सामने आ रही है कि सलमान की इस फिल्म ने दुनियाभर में 50 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान की अंतिमः द फाइनल ट्रुथ ने दुनियाभर में 50 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। रिलीज के सेकेंड वीकेंड में फिल्म ने यह आंकड़ा छुआ है। रिलीज के पहले तीन दिनों में ही फिल्म ने दुनियाभर में 24.11 करोड़ रुपये कमा लिए थे। उम्मीद है कि सलमान की फिल्म इसी रफ्तार से कलेक्शन करेगी। फिल्म में सलमान और आयुष की उपस्थिति ने दर्शकों को आकर्षित किया है।

सलमान की अंतिम ने रिलीज के दिन ही सुस्त शुरुआत की थी। फिल्म ने भारत में अपने ओपनिंग डे में केवल 5.3 करोड़ रुपये जुटाए थे। इससे सलमान के फैंस को काफी धक्का लगा था। हालांकि, ओपनिंग वीकेंड के समाप्त होते ही फिल्म ने अपनी झोली में 18.61 करोड़ रुपये जमा कर लिए थे। एक सप्ताह खत्म होते-होते फिल्म ने रफ्तार पकड़ी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 29.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया था।

## ऋतिक रोशन ने विक्रम वेधा के अबू धाबी शेड्यूल को किया पूरा



बॉलीवुड अभिनेता ऋ तिक रोशन अपनी अपकमिंग फिल्म विक्रम वेधा की शूटिंग पिछले कुछ समय से अबू धाबी में कर रहें थे, लेकिन अब ये जानकारी सामने आयीं है कि उन्होंने फिल्म के अबू धाबी शेड्यूल को पूरा कर लिया है, और वहीं अभिनेता सैफ अली खान ने इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ में शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि विक्रम वेधा तमिल की सुपरहिट फिल्म विक्रम वेधा का ही हिंदी रीमेक है, जिसमें आर माधवन और विजय सेतुपति मुख्य किरदारों में थे। अब इस फिल्म के हिंदी रीमेक में सैफ अली खान और ऋ तिक रोशन मुख्य किरदार निभाने वाले है।

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी की ऋतिक ने विक्रम वेधा के अबू धाबी शेड्यूल का रैपअप कर लिया है और अभिनेता सैफ ने लखनऊ में इस फिल्म के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है।

## आज का राशिफल

मेषः आज आपको ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। उसके साथ ही क्रोध की अधिकता रहेगी। इसके परिणाम स्वरूप आपका काम बिगड़ने की संभावना रहेगी।

वृषः अत्यधिक कार्यभार और खानपान में लापरवाही से आपका स्वास्थ्य खराब होगा। निर्धारित समय कार्य पूरा नहीं कर सकने से रोष रह सकता है।

मिथुनः मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। कुटुंबीजन मित्र मंडल या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने जाने का आयोजन होगा।

कर्कः आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शाति बनी रहेगी। नौकरीपेशा वालों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण रहेगा।

सिंहः आज आप शारीरिक मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नए सृजन करके प्रेरणा मिलेगी।

कन्याः आज आपको प्रतिकूलताओं का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी।

तुलाः वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का होने से साहस और कार्य हाथ में लेने के लिए आज शुभ दिन है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश आपको लाभदायक रहेगा।

वृश्चिकः न बोलने में नौगुण की नीति अपनाकर चलेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

धनुः आज आपके निर्धारित कार्य में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक प्रसंग में उपस्थित होंगे।

मकरः आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कार्य के पीछे आपका धन खर्च होगा।

कुंभः नए कार्य या आयोजन हाथ में ले सकेंगे। नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय खड़ी कर सकेंगे। मित्र वर्ग, विशेष रूप से स्त्री मित्रों से आपको लाभ होगा।

मीनः आपके लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। काम की सफलता और उच्च पदाधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे।

## बनाएं जायकेदार स्नैक्स - कॉर्न पनीर कटलेट्स



सर्दियों में शाम की चाय के साथ टिक्की, पकौड़े, कटलेट्स मिल जाए तो मजा ही आ जाए। तो आज हम आपके साथ एक हेल्दी टिक्की की शेयर करने वाले हैं जो आएगी आपको बेहद पसंद।

### सामग्री :

कॉर्न- 2 कप, तेल- 1 टीस्पून, हरी मिर्च बारीक कटी- 1/2, पत्तागोभी- 1/2 कप, अदरक कद्दूकस किया- 1 टेबलस्पून, नमक-स्वादानुसार, काली मिर्च स्वादानुसार, बेसन- 1/4 कप, पनीर कद्दूकस किया- 1 कप, कॉर्नफ्लेक्स हाथ से मसले हुए- 1/2 कप, नींबू का रस- 1/2, धनिया पत्ती बारीक कटी- 2 टेबलस्पून

### विधि :

कॉर्न को मिक्सी में पीस लें। बहुत ज्यादा नहीं पीसना है। दरदरा पीसना है।

नॉन स्टिक पैन में तेल गर्म करें। इसमें अदरक, हरी मिर्च डालकर तड़काएं। इसके बाद पत्तागोभी, शिमला मिर्च डालकर 2 मिनट और पकाएं।

अब इसमें दरदरा पीसा कॉर्न, नमक, बेसन, काली मिर्च डालकर मिक्स करें। बेसन का कच्चापन दूर होने तक पकाएं।

मिक्सचर को अच्छी तरह से ठंडा हो जाने दें।

बाउल में मिक्सचर डालें और इसी में कद्दूकस किया पनीर, 1/4 कप कॉर्न फ्लेक्स, नींबू का रस और धनिया पत्ती मिलाएं। मिक्सचर बहुत ज्यादा हाथों पर चिपक रहा है तो थोड़ा और कॉर्न मिक्स कर लें।

अब इन्हें तेल में सुनहरा होने तक फ्राई कर लेंगे।

## शब्द सामर्थ्य- 282

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 281 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 282

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.281का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |